आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 29.11.25 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ करेंगे अपने विचार साझा।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा एसआईआर के बारे में हम जागरूकता बढ़ा रहे हैं।
- निर्वाचन आयोग ने ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करने और इसे अधिक उपयोगी बनाने के लिए मांगे सुझाव।
- प्रदेश में एक बार फिर ठंड ने जोर पकड़ा, तापमान में भारी गिरावट।

प्रधानमंत्री–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

प्रधानमंत्री – रायपुर पुलिस सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ़ में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 60वें अखिल भारतीय सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे हैं। प्रधानमंत्री आज और कल सम्मेलन के अंतर्गत निर्धारित विभिन्न सत्रों में भाग लेंगे। नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान में तीन दिवसीय यह सम्मेलन कल प्रारंभ हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सम्मेलन का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री:एसआईआर

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आज उज्जैन में कहा कि एसआईआर के बारे में हम जनजागरूता बढा रहे हैं। एएनआई से बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा चाहती है कि असली मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोडे जाएं। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा–

अषोकनगर जिले ने तय अवधि से पहले ही मतदाता सूची के 100 प्रतिषत डिजिटाइजेषन का काम पूरा कर प्रदेष में पहला स्थान हासिल किया है। इस बारे में अषोकनगर जिले के कलेक्टर आदित्य सिंह ने बताया कि –

एसआईआर

प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राम प्रताप सिंह जादौन ने आज प्रदेश के सभी जिलों के उप जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य की प्रगति की समीक्षा की।

सागर जिले में 8 विधानसभा क्षेत्र में अब तक 733 बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा 100 प्रतिशत मतदाता गणना पत्र का कार्य डिजिटललेशन किया गया है। पन्ना जिले में एसआईआर का कार्य 92 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है।

रक्षा मंत्री – मसूरी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि भारत जिस गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, उसे देखते हुए युवाओं का उत्साह बनाए रखना बेहद ज़रूरी है। श्री सिंह आज उत्तराखंड के मसूरी

स्थित लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में 100वें मूल पाठ्यक्रम के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

वुमन हॉस्टल

महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने शनिवार को झाबुआ में वर्किंग वुमन हॉस्टल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कामकाजी महिलाओं के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त वर्किंग विमेन हॉस्टल का निर्माण केवल एक भवन नहीं, बल्कि जनजातीय अंचल की महिलाओं के लिए एक नए युग की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक रूप से 50 सीटर क्षमता वाला यह हॉस्टल भविष्य में 100 सीटर तक विस्तारित किया जाएगा

ईसीआई–ऐप

निर्वाचन आयोग ने सभी नागरिकों से ईसीआईनेट ऐप डाउनलोड करने तथा इसे और अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए अपने सुझाव देने का आह्वान किया है। नागरिक अगले महीने की 27 तारीख तक ऐप पर 'सबमिट ए सजेशन' टैब का उपयोग करके ऐसा कर सकते हैं। आयोग ने कहा है कि उपयोगकर्ताओं के सुझावों की जांच की जाएगी तथा प्लेटफ़ॉर्म को और अधिक उपयोगकर्ता–अनुकूल बनाने के लिए इसमें और सुधार किया जाएगा।

पुलिस थाना रैंकिंग

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित पुलिस महानिदेशकों और पुलिस महानिरीक्षकों की कॉन्फ्रेंस में देश के श्रेष्ठ पुलिस थानों के रैंकिंग की घोषणा की । इस रैंकिंग में मंदसौर जिले का मल्हारगढ़ पुलिस थाने को देश भर के पुलिस थानों में 9 वीं रैंक प्राप्त हुई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने थानों की रैंकिंग के लिये विभिन्न 70 पैमाने तय किए थे। इनमें अपराध का ग्राफ, आपराधिक प्रकरण को सुलझाने की अवधि, स्वच्छता और पुलिसकर्मियों का व्यवहार सहित अन्य पैमाने शामिल थे।

मौसम

प्रदेश में एक बार फिर सर्दी ने जोर पकड़ लिया है। पिछले 24 घंटे में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है और प्रदेश के कई इलाकों में कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है।

मौसम विभाग के अनुसार, शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा। यहां तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नर्मदापुरम–पचमढ़ी में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। महज 48 घंटे में ही पारा 5.5 डिग्री नीचे गिरा है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है।

अनिवार्य घोषणा

संसद का शीतकालीन सत्र पहली दिसंबर, 2025 से शुरू हो रहा है। सत्र की पूर्व संध्या पर, आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग आपके लिए विशेष कार्यक्रम – हिंदी में संसद के समक्ष मुद्दे और अंग्रेजी में इशुज बिफोर द पार्लियामेंट प्रस्तुत करेगा। इशुज बिफोर द पार्लियामेंट कार्यक्रम आकाशवाणी रेनबो/अतिरिक्त मीटरों पर और संसद के समक्ष मुद्दे कार्यक्रम आकाशवाणी गोल्ड/अतिरिक्त मीटरों पर कल रात साढे नौ से दस बजे तक सुना जा सकता है। यह कार्यक्रम हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन एयर डॉट कॉम डॉट इन और हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज़ ऑन एयर ऑफिशियल पर भी उपलब्ध होगा।

समाचार संक्षेप में –

- राज्य शासन और विश्व गीता प्रतिष्ठानम द्वारा 1 दिसंबर को गीता जयंती महोत्सव मनाया जाएगा।
- संघ लोक सेवा आयोग द्वारा कल संयुक्त भर्ती परीक्षा–सीआरटी 2025 आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा इंदौर जिले के 21 परीक्षा उप केन्द्रों पर संपन्न होगी।
- प्राकृतिक एवं जैविक हॉट बाजार कल बडवानी जिले की दो मंडी में प्रारंभ किया जा रहा है।
- 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। विश्व एड्स दिवस 2025 की थीम 'सही रास्ता अपनाएं–मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार है।

- सीहोर जिले में सात दिवसीय एनएसएस शिविर आयोजित किया जा रहा है। आज सिविल अस्पताल की टीम ने स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया ।
- सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शहडोल और उसके आसपास के 9 जिलों में मेगा रिटेल आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया।

———————————